**लोक शिक्षण संचालनालय**
**ब्लॉक -सी इन्द्रावती भवन,**
**अटल नगर, रायपुर छत्तीसगढ़**
**ई-मेल** Schoolscholarship717@gmail.com **दूरभाष नं** 0771- 2511192 **फैक्स** 0771-24445215

क्र./46-4/मु.मं.ज्ञा.प्रो.यो./2025-26/I/139456/2025/ 99 नवा रायपुर अटल नगर, 06-10-2025
प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
छत्तीसगढ़।

विषयः- मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2025-26 आनलाईन बाबत।

विषयांतर्गत लेख है कि मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2025-26 हेतु CGBSE बोर्ड से प्राप्त मेरिट सूची दिनांक 22.08.2025 को मेल के माध्यम से आप सभी को उपलब्ध कराते हुये पर्याप्त प्रचार-प्रसार के निर्देश दिये गये है। विद्यार्थियों के पंजीयन/सत्यापन हेतु पोर्टल पर लिंक दिनांक 29.09.2025 से उपलब्ध कराया जा रहा है। पंजीयन/सत्यापन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश इस प्रकार है-

1. राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल के schoolscholarship.cg.nic.in के home page पर "मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना" का प्रावधान उपलब्ध कराया गया है। जहां से मेरिट के विद्यार्थियों की सूची भी देखी जा सकती है।
2. बोर्ड परीक्षा के रोल नंबर का उपयोग कर विद्यार्थी स्वयं पंजीयन कर आवश्यक प्रमाण पत्र (स्थायी जाति/मूल निवासी) के ARN नंबर का उपयोग कर पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। 12वीं कक्षा के मेरिट की स्थिति में योजना की शर्तों के तहत महाविद्यालयीन संस्था में अध्ययनरत होना आवश्यक है। इस हेतु पोर्टल पर उपलब्ध "बोनाफाइड प्रमाण पत्र" का प्रारूप डाउनलोड कर संबंधित संस्था से प्रमाणित कर महाविद्यालयीन संस्था की फीस की रसीद के साथ पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे, तथा बैंक खातों की जानकारी भरेंगे, पूर्ण रूप से भरे आवेदन संबंधित शाला को भेजेंगे।
3. 10वीं के मेरिट के विद्यार्थियों की स्थिति में विद्यार्थियों की वर्तमान अध्ययनरत शाला से छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से सत्यापन व 12वीं मेरिट के विद्यार्थियों की स्थिति में शालाओं विद्यार्थियों के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण शाला से सत्यापन उपरांत संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से सत्यापन उपरांत इस प्रकार दो स्तरों से सत्यापित विद्यार्थियों के आवेदन DPI को भेजे जा सकेंगे।
4. मेरिट के विद्यार्थियों तक पर्याप्त सूचना व प्रचार-प्रसार हेतु संबंधित शालाओं /शाला समिति व स्थानीय समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित करेंगे।
5. अंतरिम मेरिट सूची का प्रकाशन व पर्याप्त प्रचार प्रसार यथा - शाला/ विकासखंड/जिला शिक्षा अधिकारी के सूचना पटल व स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन उपरांत नियत समय सीमा में संबंधित शालाओं के समक्ष दावा आपत्ति की जा सकेगी जिसका निराकरण शालाओं को एक सप्ताह में किया जाना होगा।
6. पंजीयन/सत्यापन/अन्तिम मेरिट सूची प्रकाशन/दावा आपत्ति की समय-सीमा इस प्रकार है-

| प्रक्रिया | आरम्भ | बंद |
|---|---|---|
| पंजीयन | 30.09.2025 दोपहर 11.00 बजे | 31.10.2025 सायं 5.00 बजे |
| सत्यापन | 01.11.2025 प्रातः 10.00 बजे | 06.11.2025 सायं 5.00 बजे |
| दावा आपत्ति | 09.11.2025 प्रातः 10.00 बजे | 15.11.2025 सायं 5.00 बजे |
| अंतिम सूची प्रकाशन (पोर्टल पर )एवं वितरण | 20.11.2025 (संभावित) | |

निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार समय सीमा मेंकार्य पूर्ण करने की कार्यवाही करेंगें।

Digitally signed by
RITURAJ RAGHUVANSHI
Date: 06-10-2025
14:10:59

संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़